Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding launch of token system for procurement of paddy crops in Odisha.

श्री सुरेश पुजारी (बारगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, आपका बहुत धन्यवाद । मैं एक गंभीर विषय संसद में उठाना चाहता हूं । एक दिन पहले घर से फोन आया और पता चला कि घर के सामने पुलिस है । मैंने पता किया, सुरक्षा के लिए पुलिस घर में आई थी । ओडिशा के सांसदों और विधायकों के घरों के सामने पुलिस थी । इसका कारण यह है कि ओडिशा में और मेरे निर्वाचन क्षेत्र में किसानों का आंदोलन चल रहा है । जिस समय प्रोक्योरमेंट होना चाहिए, किसानों को मार्केट में जाकर धान बेचना चाहिए, वे रास्ते में बैठे हुए हैं । नेशनल हाई वे जाम है, विधायकों का घर जाम है । कलक्टर आफिस, सब-कलक्टर आफिस, तहसीलदार आफिस सब जाम है और कारण यह है कि अब वहां टोकन सिस्टम शुरू किया गया है । अगर किसान टोकन लेंगे तो ही धान बेच पाएंगे । ऐसे नहीं चलेगा, फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व बेसिस पर जैसे पहले होता था वैसे ही होना चाहिए । किसी भी प्रदेश में टोकन सिस्टम नहीं है । दुनिया में कहीं भी ऐसा सिस्टम नहीं है लेकिन ओडिशा में शुरू किया गया है । इससे किसान बर्बाद हो जाएंगे, तबाह हो जाएंगे । आप ही हमारी आखिरी उम्मीद हो ।

मैं आपके माध्यम से यही निवेदन करना चाहता हूं कि आप केंद्र सरकार को निर्देश करें । केंद्र सरकार को ओडिशा सरकार से बात करनी चाहिए, टोकन सिस्टम समाप्त करना चाहिए । किसान कैसे धान बेच पाएं और सही मूल्य पा सकें, इसका निदान करना चाहिए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सप्तगिरी उलाका को श्री सुरेश पुजारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।